तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 छिलपावन चौक पर जंगल राज, अवैध बस स्टैंड ...



12 नपाध्यक्ष के निर्देश पर शीतला तालाब में चलाया ...



## खबर संक्षेप

### दो लोगों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा कत्लखाना ले जा रहे दो लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति 06 नग बैलों को हकालते व मारपीट करते हुए बड़ेसाजापाली की ओर से ओडिशा कत्लखाना ले रहे हं। इसके बाद पुलिस बड़ेसाजापाली रोड ग्राम सलखंड भंवरपुर पहुंची, जहां पर दो व्यक्ति मिले, जिन्होंने अपने नाम जयराम टंडन पिता संतराम टंडन (45 वर्ष) सकरी, कुशुलाल पुरेना पिता देवसिंह पुरेना (35 वर्ष) सकरी होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 06 नग बैल, कीमत करीबन 85,000 रुपए, बाइक, मोबाइल को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** लाखागढ़ में रहने वाली एक महिला के साथ गाली गलौज करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीमा यादव निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने आरोपी कुबेर कश्यप के खिलाफ पुरानी रंजिशवश गाली गलौज किए जाने का मेरे घर के सामने आकर पुरानी रंजिशवंश गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कुत्तों को भगाया, तो मां बेटी ने किया विवाद

**महासमुंद।** कुत्तों को भगाने को लेकर हुए विवाद में पिथौरा के लाखागढ़ में एक व्यक्ति के साथ मां और बेटी द्वारा गाली गलौज करने के मामले में पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी कुबेर कश्यप निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने बताया कि 20 जून को 10.30 बजे घर के पास दुकान से आ रहा था, इसी दौरान उसे कुत्तों ने घेर लिया, जिन्हें भगाने के लिए वह चिल्लाया। जिस पर पास के घर की महिला सीमा यदु एवं उसकी लड़की सृष्टि यदु उसके साथ गाली गलौज करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के लालपुर में रहने वाली एक महिला के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। मामले में दो लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 6 लालपुर की पद्मिनी साहू ने बताया कि सब्जी बेचने का काम करती है। मकान बनाने के लिए उसके घर के सामने रखी ईंट में से कुछ ईंटों को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया था। जिसे लेकर वह पूछताछ कर रही थी, तभी पड़ोसी राजकुमार यादव एवं उसकी पत्नी हम लोगों पर क्यों चिल्ला रही हो कहकर गाली गलौज किया।

# नीट की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 119, देरी के चलते कुछ को नहीं मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 1242 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1123 उपस्थित हुए, जबकि 119 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्रों में सुबह 11 बजे से ही छात्रों का पहुंचना शुरू हो गया था। गर्मी और उमस के बावजूद अभ्यर्थियों की सघन जांच, दस्तावेज सत्यापन और बायोमेट्रिक प्रक्रिया के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा एकल पाली में दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक हुई।

## गर्मी और उमस के बावजूद अभ्यर्थियों की हुई सघन जांच, तब दिया प्रवेश

### परीक्षार्थियों ने पुराने अनुभव के चलते बरती सावधानी

केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने बताया कि जिले के सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन कराया गया। कुछ छात्र देरी से पहुंचे, लेकिन निर्धारित समय निकल जाने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। पिछले वर्षों के अनुभव को देखते हुए अधिकांश छात्र इस बार निर्धारित ड्रेस कोड और अन्य नियमों का पालन करते हुए परीक्षा केंद्र पहुंचे।



### केंद्रों के बाहर रही अभिभावकों की भीड़

जिले से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले पहुंच गए थे। अपने पाल्यों के भविष्य को लेकर चिंतित अभिभावकों की भी केंद्रों के बाहर अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। सुरक्षा और प्रवेश प्रक्रिया के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही गतिविधियां तेज हो गई थी।

अभ्यर्थियों को 1:30 बजे के बाद केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली।

परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने प्रश्नपत्र को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। कुछ विद्यार्थियों ने इसे आसान बताया, जबकि कई छात्रों के अनुसार बायोलॉजी, फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन रहे। छात्रों ने बताया कि प्रत्येक गलत उत्तर पर निगेटिव मार्किंग होने के कारण प्रश्नों का उत्तर सावधानीपूर्वक देना पड़ा। व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसी टीवी निगरानी और अन्य एंटी-मालप्रैक्टिस उपाय शामिल रहे।

**आयोजन : प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ 12वें विश्व योग दिवस का आयोजन**

# बघेल बोले: योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा, करें स्वस्थ समाज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

12वें विश्व योग दिवस पर जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रेरणा से आयोजित महासमुंद इस स कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को आज पूरी दुनिया में पहचान मिली है। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को शांति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए और नियमित रूप से इसका अभ्यास करना चाहिए। मंत्री बघेल ने विभिन्न आसनों के माध्यम से योगाभ्यास किया तथा उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।



**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सहित कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार और जिला प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन प्रसन्न और कार्यक्षमता बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि आज गौरव का दिवस है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व योग कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट योग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही हम विकास में अग्रणी रहेंगे और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि योग सनातन परंपरा को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है। योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि योग ऐसी विधा है जिसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है। योग से मन शुद्ध एवं मजबूत होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। जिला स्काउट एवं गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास की सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे आज दुनिया के 177 देश अपना रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से जिलेवासियों को निरोगी जीवन, मानसिक शांति और स्वस्थ समाज निर्माण के लिए योग को अपनाने का संदेश दिया गया।

### इन योगासनों का हुआ अभ्यास

सामूहिक योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान सहित अनेक योग क्रियाएं कराई गईं। उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संकल्प लिया।

## सड़क पर खड़े ट्रक से टकराकर बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे 53 छुईपाली टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक से टकराकर बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना बसना के मर्ग क्रमांक 92/26 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई। जांच दौरान मृतक कुंदन नायक पिता दुर्योधन नायक (17 वर्ष) केजुआ थाना सरायपाली के परिजनों एवं गवाहों ने बताया कि 19 जून को मृतक बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 0008 को चलाते अपने गांव केंजुआ से अपने दोस्त के साथ सिंघनपुर आया था। इसी दौरान कि एनएच 53 रोड छुईपाली टोल प्लाजा के पास कैप्सूल ट्रक क्रमांक एनएल 01 एन 7088 को वाहन चालक द्वारा बिना संकेतक दिये लापरवाही पूर्वक लोक मार्ग में खतरनाक ढंग से खडा कर दिया था, जिससे मृतक बाइक चालक कुंदन नायक वाहन सहित कैप्सूल ट्रक में टकरा गया, जिससे उसके सिर, चेहरे, बायें हाथ में व सीने में गंभीर चोट लगी। जिसे इलाज हेतु सीएचसी सरायपाली लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित किया। मामले में आरोपी वाहन चालकके विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है



### सिरपुर के लक्ष्मण परिसर में मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद।** देश के सौ विशिष्ट धरोहरों में शामिल जिले की पहचान और ऐतिहासिक धरोहर सिरपुर स्थित लक्ष्मण देवालय परिसर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संचनालय संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के उपनिदेशक जीएल रायकवार (रि), विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक जेआर भगत के अलावा पुरातत्व विभाग के उप अधीक्षण डॉ अजय कुमार पांडेय, सहायक अधीक्षण हर नारायण चौधरी, राहुल तिवारी, डा. हयग्रीव परिहार,अभिषेक कुमार, शिव शंकर वर्मा, सरपंच पुष्पा माली व हाईस्कूल, मिडिल स्कूल के बच्चे व ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया।

# बाल श्रम के लिए ले जा रहे 6 नाबालिग बच्चों को कराया मुक्त

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की तत्परता से कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पिकअप वाहन चालक एवं बैंड पार्टी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

जिले के प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र में बाल श्रम का मामला पकड़ा। सड़क पर एक पिकअप वाहन में बैंड पार्टी द्वारा 6 नाबालिग लड़कों को श्रम के लिए ले जाते देख उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया।

मौके पर अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आधे पौन घंटे उपस्थित रही। डॉ. शर्मा ने मौके से ही एसजेपीयू (स्पेशल जूविनाइल पुलिस ऑफिसर), डीपीओ एवं डीसीपीओ की टीम को निर्देशित कर सभी 6 बच्चों को रेस्क्यू कराया। बच्चों को सुरक्षित तुमगांव थाना भिजवाया गया। साथ ही बाल श्रम में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएम 4266 पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइल्डलाइन की टीम को लगातार निरीक्षण एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आयोग निश्चित ही बाल अधिकार संरक्षण नियम 2005 के तहत धारा 13 एवं सहपठित धारा 14 के तहत विषय में संज्ञान लेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



**महासमुंद पुलिस ने ओडिशा के बौद्ध जिला से किया गिरफ्तार**

# घने जंगल के बीच पकड़ा गया गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा के घने जंगल और पहाड़ी के बीच जाकर गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को जिला पुलिस ने तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। बता दें कि 17 जून को 17.500 किलोग्राम कीमत 08 लाख 75 हजार रुपए के गांजा के साथ दो तस्कर पकड़े गए थे जबकि, इस मामले में गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था। जिसे पुलिस ने ओडिशा के बौद्ध जिले से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन के तहत थाना कोमाखान गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज खंगालते हुए मुख्य सोर्स को उसके घर में ही दबोच लिया। गिरफ्तार गांजा परिवहनकर्ता आरोपी के कबूलनामे के बाद महासमुंद पुलिस सीधे ओडिशा पहुंची और इस मामले का मास्टरमाइंड मुख्य सोर्स को बेनकाब कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया।

मामला इस प्रकार से है की दिनांक 17.06.26 को थाना कोमाखान पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक टाटा इंडिका कार क्रमांक एमपी 04 सीबी 0848 में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन की सूचना पर ग्राम टेमरी जांच नाका के पास संदेही वाहन की जाँच पर चालक दिनेश गिरी गोस्वामी पिता भरतलाल (35 साल) निवासी जाखनोद थाना पोहरी जिला शिवपुरी (मध्यप्रदेश) एवं ललिता जाटव पति परमाल जाटव (26 साल) निवासी धुवानी जिला शिवपुरी (मप्र) के कब्जे से 17.500 किलो गांजा जब्त किया गया था। जिसे आरोपी भवानीपटना (ओडिशा) से खरीदकर शिवपुरी (मप्र) में बिक्री करने के लिए ले जा रहे थे। प्रकरण मे आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

इसके बाद प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, के तहत प्रभावी करते हुए गिरफ्तार आरोपी परिवहनकर्ता के निशानदेशी एवं टेक्निकल विश्लेषण के आधार पर गांजा उपलब्ध कराने वाले (मुख्य सोर्स) हरीश प्रधान पिता पुरंदर (35 वर्ष) निवासी गुंडमेंडा पोस्ट उडेन तहसील कंटामाल थाना घंटापड़ा जिला बौद्ध (ओडिशा) से गिरफ्तार करने मे महासमुंद पुलिस को सफलता मिली। गांजा उपलब्धकर्ता (मुख्य सोर्स) को ट्रांजिट रिमांड में लेकर आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



# डोंगरगांव स्कूल में कराया गया योग



**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम डोंगरगांव के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा संयुक्त रूप से प्राथमिक शाला प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। करो योग रहो निरोग के स्लोगन के साथ बच्चों, ग्रामीणों को शिक्षक खेमचंद निराला द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक कौतुक पटेल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ शरीर के लिए नियमित रूप से योग व्यायाम प्रणायाम करना आवश्यक है। इस अवसर पर भारती ठाकुर, मुन्ना साहू, आदि उपस्थित थे।

# मोंहदा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम मोहंदा के शासकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक शाला में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सियाराम साहू प्रधान पाठक एवं गौरी पटेल शिक्षिका द्वारा ध्यान योग आसन प्राणायाम करवाया गया। साथ ही योग से होने वाले लाभ की जानकारी भी दी गई। इस अवसर बीनाबाई सोना, शाखाराम पटेल, विश्राम ठाकुर, नारायण बारिक, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रधान पाठक, डिगम लाल साहू, हरिशंकर पटेल, चंद्रकांति ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# योग को अपनी जीवन शैली में करें शामिल नियमित करें योग : एडीजे जायसवाल

## न्यायाधीशों सहित अधिवक्ता, अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय परिसर में प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर न्यायाधीशों, अधिवक्तागणों एवं न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। प्राधिकरण की प्रभारी सचिव तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने बताया कि योगाभ्यास समारोह में योग प्रशिक्षक तिलक साव द्वारा योगाभ्यास कराए जाने के दौरान पद्मासन, ताड़ासन, वज्रासन, मकरासन, नौकासन, भुजंगासन, शवासन, कपाल भारती सहित अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण योग के बारे में आसन की प्रक्रिया तथा उनके महत्व के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी देकर योगाभ्यास कराया गया।

योगाभ्यास शिविर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल ने योगाभ्यास में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए अपने जीवन शैली में नियमित रूप से योग करने प्रेरित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकला देवी साहू, सिविल न्यायाधिश अरूण कुमार नोरगे, आदित्य जैन, पारूल साय आदि मौजूद रहे।

# खोपली स्कूल में कराया गया योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विश्व योग दिवस पर शासकीय हाई स्कूल खोपली में पीएमश्री प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल एवं हाईस्कूल द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग का प्रारंभ गायत्री मंत्र से प्रारंभ किया और बच्चे लोगों को संगीत के माध्यम से भी योग कराया गया। योग का समापन शांति मंत्र से किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ एसएमडीसी के सदस्यगण, ग्राम पंचायत के सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

इस योग दिवस में विद्यासागर ठाकुर सरपंच खोपली, जयंतीलाल चंद्राकर उपसरपंच, निरंकार चंद्राकर, परसराम साहू सचिव खोपली, दिलीप वर्मा, हीरालाल, महेंद्र कुमार बंजारे प्राचार्य, सोहद्रा देवांगन प्रधान पाठक, पुष्पा चंद्राकर, माधुरी रात्रे, किशन लाल साहू, रजनी दीवान, डिंपल वर्मा, शकुंतला एवं द्रोपति और योगाचार्य के रूप में शिक्षक दीवान द्वारा योग कराया गया।

# नपा कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है तथा व्यक्ति स्वस्थ एवं ऊर्जावान बना रहता है। नगर पालिका के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया तथा नागरिकों से भी नियमित योग करने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी ने स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### स्वच्छता दीदियों ने किया योग

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका महासमुंद की स्वच्छता दीदियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जीवन का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नियमित योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। दीदियों ने उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम में भाग लेकर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संदेश दिया।

# खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य भोरिंग में मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें नागरिक, छात्रावास के स्टॉफ एवं छात्र, तुमगांव के खिलाड़ी, एकलव्य स्कूल के छात्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग के विद्यार्थी एवं स्टॉफ, खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ी व अन्य विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान आदि क्रियाएं कराई गई। नियमित योग करने संकल्प लिया। योगाभ्यास में एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य महेंद्र टंडन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य कामेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक भोरिंग डॉ. सुनील कुमार भोई, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर आदि शामिल हुए। खेल एवं युवा कल्याण द्वारा राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मॉडर्न पेंटाथलॉन खिलाड़ी अभिषेक निर्मलकर, निमेश मन्नाडे, आयुष निर्मलकर, अभिषेक नेहरू, रग्बी खिलाड़ी सुभाष शर्मा, भूपेंद्र साहू एवं झलक ध्रुव, बेसबॉल खिलाड़ी शालनी मानिकपुरी, केशरी साहू, तीरंदाजी खिलाड़ी डोमेश्वरी साहू को सम्मानित किया गया।



# करनापाली स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**सरायपाली**। शासकीय प्राथमिक शाला-करनापाली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं योग के महत्व पर चर्चा के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार कर, निर्मला नायक ने विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। प्रधान पाठक गिरधारी साहू ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। आगे उन्होंने योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

# महर्षि विद्या मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**महासमुंद**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महर्षि विद्या मंदिर में बड़े उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व, योग की आवश्यकता तथा इसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। पश्चात विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रेखा तिवारी ने प्रेरणादायक कविता के माध्यम से योग के महत्व एवं उसके लाभों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय के खेल शिक्षक कमलेश कन्नौजे के मार्गदर्शन



में योगाभ्यास की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई। बाद विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम क्रमबद्ध रूप से कराए गए। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सभी योगासनों के लाभों को ध्यानपूर्वक सुना तथा पूर्ण सजगता एवं उत्साह के साथ उनका अभ्यास किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण योग दिवस सेल्फी ज़ोन रहा, जिसे विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका किरण पंकज ने छात्राओं कृति, लिशी, राखी एवं ज्योतिका के सहयोग से अत्यंत आकर्षक एवं मनमोहक रूप में तैयार किया। इस सेल्फी ज़ोन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया तथा विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं में नंद कुमार साहू एवं गोविंद सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन शिक्षिका पम्मी यादव ने किया।

# लाफिनखुर्द हाईस्कूल में योग एवं प्राणायाम का आयोजन

**महासमुंद**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में योग एवं प्राणायाम का आयोजन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, नामदेव साहू एवं भीखम साहू की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य भारत सिंह साहू ने विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्राचार्य भारत सिंह साहू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे विश्व के 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। पश्चात प्रतिवर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भीखम साहू, नामदेव साहू, शिक्षक-स्टाफ में प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, विनीता अंजलि दीवान, ममता ठाकुर (व्याख्याता), प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, नवीन एवं काजल सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया।



# वेडनर मेमोरियल स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद**। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला शाखा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष संदीप दीवान थे। मुख्य अतिथि ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। अनुशासन का महत्व समझाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हम किसी भी कार्य में सफलता अनुशासित होकर ही प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षिका आयुषी मिश्रा ने भी योग को तनाव दूर करने एवं स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम उपाय बताया। तत्पश्चात योग शिक्षिका निष्ठा साहू के निर्देशन में छात्रों ने भुजंगासन, पद्मासन, भ्रामरी, अलोम- विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रेव्ह.फादर थैनीस राज ने भी बच्चों के साथ योग कर वातावरण को बड़ा ही आनंदमय बना दिया। शिक्षक-शिक्षकों ने भी इस योग अभ्यास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम, प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज सहित समस्त शिक्षक -शिक्षिका उपस्थित थे। मंच का संचालन शिक्षिका का प्रदीति चांडक ने किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में योग का आयोजन

**बागबाहरा**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा के सभाकक्ष में योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व शाखा कार्यवाह देवकुमार पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में स्वयंसेवक एवं व्यवसायी श्याम लाल नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। पश्चात योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित भैया-बहनों, आचार्यों तथा नागरिकों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग के महत्व को आत्मसात किया।



मुख्य अतिथि देवकुमार पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन का निर्माण होता है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष अतिथि श्याम लाल नायक ने योग के व्यावहारिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन योग को जन-जन तक पहुंचाने और नियमित योगाभ्यास का संकल्प लेने के साथ हुआ।



# गुड शेफर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**महासमुंद**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के उप प्राचार्य द्वारा किया गया। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर, ड्राइंग के माध्यम से योग का महत्व बताया। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, एनएसएस कैडेट्स एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनाव कम करने तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने तथा दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। योग शिविर सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार सराइपालि**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- महासमुंद तहसील- सराइपालि प.ह.न.- 00018 परसदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.CT202526580206100012

**// ईश्तहार //**

तहसील सराइपालि के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम परसदा के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रमणी पिता/पति-जयसिंग पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 255(0.1400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतलाल सिदार पिता/पति-जगतराम सिदार पता-सा.देह,भानुमती सिदार पिता/पति-बेवा पतिलाल सिदार पता-सा.देह,ना आयुष बलिमा उतरा पिता/पति-प्रीतम सिंह पता-सा. देह,कन्हैया सिदार पिता/पति-रतिलाल सिदार पता-सा.देह,ललित कुमार सिदार पिता/पति-पतिराम सिदार पता-सा.देह,रविलाल सिदार पिता/पति-जगतराम सिदार पता-सा.देह,कलश बाई पिता/पति-बेवा रतिलाल सिदार पता-सा.देह,ना प्रियांशी बलिमाँ उतरा पिता/पति-प्रीतम सिंह पता-सा.देह,रमेश सिदार पिता/पति-रतिलाल सिदार पता-सा.देह,उतरा पिता/पति-बेवा प्रीतम सिंह पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार सराइपाली पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदारः Shridhar Panda

# खुटेरी में विश्व कल्याण की भावना लिए मनाया गया योग दिवस



**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम खुटेरी के विद्यालय प्रांगण में पालक, छात्रों और शिक्षकों के साथ नागरिकों ने 12वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। ग्राम खुटेरी के लगभग 163 लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वसुधैव कुटुंबकम की भावना लिए संसार के निरोगी रहने की कामना करते हुए योग किए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश ध्रुव, पालकगण दशरथ साहू, हंसराज निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता देवांगन, कला यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के प्रभारी प्रधान पाठक पालेश्वर पटेल, प्राथमिक विभाग खुटेरी के प्रधान पाठक डोलामणि साहू, शिक्षकगण कुमुदिनी बरिहा,नरसिंग पटेल, अभिनंदन नाग, अनीता बरिहा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव, स्वच्छता संगवारी लक्ष्मी लाल ध्रुव, लेखराम ध्रुव सहित बहुत संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कराते व योग शिक्षिका फुलेश्वरी ध्रुव दिघेपुर का योगदान उल्लेखनीय रहा। डोलामणि साहू ने योगगीत के साथ योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए शांति पाठ के साथ सभा का समारोप किए। साथ ही सभी शिक्षकों के सहयोग से योग उपरांत अंकुरित नाश्ता की व्यवस्था की गई, जो स्वस्थ जीवन के लिए पौष्टिक आहार को उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के जय वीर बजरंगबली हनुमान मंदिर में तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर भगवान हनुमान की विशेष पूजा अर्चना की गई। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया गया। बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सनत चंद्राकर, रुक्मणि चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### चारभाठा स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा में प्रवेश उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डोंगरगांव के सरपंच ओम कुमारी संजय खांडे मुख्य अतिथि थी। संकुल समन्वयक ठाकुर राम साहू ने शाला प्रवेश उत्सव को बच्चों के शैक्षणिक जीवन की शुरुआत का प्रेरणादायक अवसर बताया। सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर मिष्ठान खिलाया गया। साथ ही अतिथियों व बच्चों को शिक्षकों द्वारा न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक ठाकुर राम साहू, शिक्षक प्रवीण साहू व शिक्षक तुका राम चक्रधारी, पालकगण, रसोइया व सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर क्षेत्र में बल्क वेस्ट जनरेटरों के सर्वे के लिए दल का गठन

**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों की पहचान एवं सर्वेक्षण कार्य के लिए दल का गठन किया गया है। नगर क्षेत्र में ऐसे संस्थान, प्रतिष्ठान, होटल, छात्रावास, अस्पताल, मैरिज गार्डन, व्यावसायिक परिसर एवं अन्य बड़े अपशिष्ट उत्पादकों का सर्वे किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। गठित दल द्वारा क्षेत्रवार भ्रमण कर बल्क वेस्ट जनरेटरों की जानकारी संकलित की जाएगी तथा उनसे अपशिष्ट पृथक्करण, संग्रहण एवं प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। नगर पालिका ने सभी संबंधित संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे सर्वे दल को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। सर्वे के आधार पर नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाया जाएगा।



## मनमानी: प्रशासन की नाक के नीचे चल रही अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं

# छिलपावन चौक पर जंगल राज, अवैध बस स्टैंड और कंडक्टरों की गुंडागर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

नेशनल हाईवे 53 एवं झलप से बागबाहरा जाने वाले (छिलपावन चौक) अब एक व्यवस्थित चौराहा न रहकर अराजकता का अड्डा बन चुका है। प्रशासन की नाक के नीचे चल रही अवैध गतिविधियों और भारी वाहनों की अंधाधुंध आवाजाही ने यहां के निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। चौराहों पर बस कंडक्टरों की गुंडागर्दी और सड़क के गड्ढों में समाती जिंदगियां इस बात का सबूत हैं कि यहाँ तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है।





### बस कंडक्टरों की सरेआम दादागिरी

झलप (छिलपावन चौक) पर नियम-कानून को ताक पर रखकर बसें रोकी जा रही हैं। स्थिति यह है कि सवारी चढ़ाने और टाइमिंग के चक्कर में बस कंडक्टरों के बीच सरेआम मारपीट और विवाद आम बात हो गई है। ये बसें मनमाने ढंग से बीच सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे हर दिन घंटों का जाम लगता है। यात्रियों की जान जोखिम में डालकर चल रही यह बस सेवा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रही है।

### टोल बचाने के लिए मौत का मार्ग बना बागबाहरा रोड

टोल टैक्स की चोरी के लिए ट्रकों, डंपरों और भारी ट्रेलरों ने बागबाहरा मार्ग को अपना शॉर्टकट बना लिया है। अत्यधिक वजनी वाहनों के लगातार गुजरने से यह सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। चौक से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के मासूम बच्चे हर रोज अपनी जान हथेली पर रखकर इस सड़क से गुजरते हैं। वाहनों की आपाधापी और सड़क की जर्जर स्थिति ने अभिभावकों में दहशत पैदा कर दी है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन को बार-बार आगाह किया है, लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरे आश्वासन मिले हैं। नागरिकों की मांग स्पष्ट है कि चौक पर एनएचएआई द्वारा बैरिकेडिंग की जाए। ताकि, अवैध बस पड़ाव को खत्म किया जा सके। बागबाहरा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को तुरंत रोका जाए। स्कूल और चौक के पास सुरक्षा के लिए बड़े स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं।

## भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान में विधायक ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भाजपा के देशव्यापी विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों से सौजन्य मुलाकात कर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुखीराम डड़सेना, सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर अलखराम साहू तथा सेवानिवृत्त मलेरिया इंस्पेक्टर सत्यनारायण मिश्रा के निवास पहुंचकर उन्हें शाल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अनुभवी एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर राष्ट्र एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा देना है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद बनाए रखना तथा उनके सुझावों और अपेक्षाओं को संगठन एवं शासन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, रविंदर आज़मानी, आलोक त्रिपाठी, एकांश अग्रवाल तथा सतीश ध्रुव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजस्व मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को सारंगढ़ में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन में शामिल होने जाते समय पिथौरा स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सारंगढ़ संगठन प्रभारी शंकर अग्रवाल के निवास पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री वर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मंत्री टंकराम वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना तथा स्थानीय संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। ज्ञात हो कि भाजपा नेता शंकर अग्रवाल को भी सारंगढ़ में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन में शामिल होना था। इसके चलते वे भी मंत्री टंकराम वर्मा के साथ सारंगढ़ के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, सुभाष जालान, थान सिंह दीवान, आनंद साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, वेद प्रकाश गोयल, नरेश सिंघल, रैदास गोयल, प्रीतराम सूर्यवंशी, विक्की सलूजा, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, राजिंदर खनूजा, शशि डड़सेना, बबलू सोनी, दुर्गेश सिन्हा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## परिवहन विभाग ने की ई-चालान से संबंधित ऑनलाइन स्कैम से सतर्क रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित ऑनलाइन स्कैम के मामले सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। विभाग द्वारा बताया कि फर्जी ई-चालान संदेश भेज कर लोगों को ट्रैफिक नियम उल्लंघन का भय दिखाकर लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिसके माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी और बैंक खाते से धनराशि की चोरी की जा सकती है। परिवहन विभाग ने बताया कि नागरिक किसी भी संदिग्ध लिंक, एप फाइल या व्यक्तिगत मोबाइल नंबर से प्राप्त संदेशों में दिए गए लिंक https://Ink.ink/degeg2 पर क्लिक न करें। वास्तविक ई-चालान की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। वाहन स्वामी अपने चालान की जांच के लिए आधिकारिक पोर्टल https://echallan.parivahan.gov.in पर जाकर पे ऑनलाइन विकल्प का चयन करें, इसके बाद चालान नंबर और कैप्चा कोड दर्ज कर गेट डिटेल्स पर क्लिक करें। मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी सत्यापन के बाद चालान संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विभाग द्वारा बताया गया है कि पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले द्वारा जारी किए जाने वाले सभी ई-चालान संदेश केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अजनबी को ऑनलाइन भुगतान न करें तथा बैंक खाते से संबंधित किसी भी लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश, लिंक या मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में तत्काल निकटतम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

## नपाध्यक्ष के निर्देश पर शीतला तालाब में चलाया गया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशानुसार स्वच्छता दीदियों द्वारा शीतला तालाब परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब के किनारे एवं आसपास फैली गंदगी, झिल्ली एवं पॉलीथिन पन्नियों को हटाकर साफ-सफाई की गई।

स्वच्छता दीदियों ने तालाब के आसपास पड़े कचरे का संग्रहण कर उसका उचित निस्तारण किया तथा क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर आमजन से भी अपील की गई कि वे तालाब एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री न फेंकें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी जल स्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई कराई जाएगी, जिससे स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। सफाई अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सुपरवाइजर रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, मोहनदास मानिकपुरी, चंद्रशेखर पाटकर आदि उपस्थित रहे।




## सोनापुटी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बागबाहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाकर व पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार वर्मा संकुल समन्वयक खोपली व मेघनाद टंडन, नैन सिंह ध्रुव, राजेंद्र साहू उपसरपंच, मोहनी दीवान,पद्मनी राजपूत, डिंपल यादव, फुलेश्वरी निषाद, द्वारका प्रसाद, ओमप्रकाश, डेरहा राम यादव व पालकगण उपस्थित थे। संकुल समन्वयक ने बच्चों को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया तथा शाला में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू ने पालकों को प्रतिदिन बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए अपने दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।

## नवकिरण अकादमी में हुआ दूसरा मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में सूबेदार, उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2026 परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में अकादमी के जिला समन्वयक डी बसंत साव ने बताया कि यह दूसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-02) उपनिरीक्षक भर्ती के संपूर्ण सिलेबस पर आधारित था। इस टेस्ट पेपर में कुल 300 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए, जिसमें भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य एवं संस्कृति, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, रीजनिंग, गणित, हिंदी एवं अंग्रेजी जैसे विषय शामिल थे। इस दूसरा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत एवं बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भाग लेकर परीक्षा दी। साव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत तीसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-03) आगामी 28 जून 2026 रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः संपूर्ण सिलेबस पर आधारित होगा।